# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना-800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in


पटना/ दिनांक 01/02/2016

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-02/ 2015 ...72... चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-1 में** अंकित विभिन्न सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।

अतः बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-2** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार अनुलग्नक-1 में अंकित सहकारी समितियों के उनकी उपविधियों में यथा वर्णित पदों के लिए निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु **दिनांक 09.03.2016 (बुधवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने पत्र संख्या 1216 दिनांक 31.12.2015 से मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट-ऑफ तिथि दिनांक 30.11.2015 निर्धारित की गयी है एवं तदनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 28.01.2016 को सबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जा चुका है।

बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम (बिहार अधिनियम 06, 2013) द्वारा अधिनियम VI, 1935 की धारा-14 में किये गये संशोधन के आलोक में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन में आरक्षण के बिन्दु पर निम्न निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-

(i) निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पत्रांक-4992 एवं 4996 दिनांक 01.11.2013 के अनुसार सीधे निर्वाचित होने वाले एकल पदों (यथा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) पर आरक्षण लागू नहीं होगा किन्तु इन पदों की गणना निदेशक मंडल के लिए होगी और पूरे निदेशक मंडल पर आरक्षण प्रावधान लागू होगा। जैसे बारह सदस्यीय निदेशक मंडल में अध्यक्ष, सचिव पद आदि सीधे निर्वाचन से होना हो तब भी इन दो पदों को अनारक्षित मानते हुए अवशेष दस पदों में से छः पद आरक्षित होंगे।

(ii) सहकारी समिति के प्रबंधकारिणी समिति में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए 2 (दो) स्थान, पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान और अति पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान आरक्षित किये जायेंगे।

(iii) उपर्युक्त आरक्षित स्थानों की कुल संख्या प्रबंधकारिणी समिति के कुल स्थानों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(iv) अगर समिति में उपर्युक्त आरक्षित कोटियों के कोई सदस्य नहीं हैं, तो आरक्षित पद खाली रहेंगे।

(v) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग में प्रत्येक कोटि के लिए अलग-अलग आरक्षित स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50 प्रतिशत से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं, स्थान उपर्युक्त आरक्षित कोटियों की महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। अगर समिति की उपर्युक्त कोटियों में कोई महिला सदस्य नहीं है, तो ये पद खाली रहेंगे।

(vi) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित स्थानों को छोड़कर प्रबंधकारिणी समिति में जो शेष स्थान बच जाते हैं, उन स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु किसी भी परिस्थिति में इससे अधिक नहीं, स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि इन स्थानों के लिए सामान्य कोटि की महिलाओं के अतिरिक्त अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग की वैसी महिलाएँ भी अपना नामांकन भर सकेगी, जिन्होंने आरक्षित कोटि वर्ग से अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की है। अगर इस कोटि में कोई महिला सदस्य नहीं हैं, तो महिलाओं के लिए आरक्षित पद खाली रहेंगे।

निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए **प्रपत्र-ई॰ 1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना **दिनांक 08.02.2016 (सोमवार)** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

जिन समितियों का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया जा रहा है, उन समितियों के संबंध में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 6** में विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 18** में निर्वाचित सदस्यों की सूची उन्हीं तिथियों को फैक्स **(0612-2231562, 2215089)** अथवा ई-मेल **(bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**(फूल सिंह)**
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 72 पटना/ दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 72 पटना/ दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 72 पटना/ दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि : संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे संबंधित समिति की उपविधि दिनांक 05.02.2016 तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) को उपलब्ध करा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियां के आधार पर जिन-जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 72 पटना/ दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 72 पटना/ दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 72 पटना/ दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

**अनुलग्नक 1**

## निर्वाचन देय सहकारी समितियों की सूची

| क्रमांक | जिला का नाम | प्रखंड | प्राथमिक सहकारी समिति का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | पटना | दानापुर | मगध सहकारी गृह निर्माण समिति लि० |
| 2 | पटना | धनरूआ | मझनपुरा अनुसूचित जाति उपभोक्ता भंडार स० स० लि० |
| 3 | पटना | धनरूआ | मझनपुरा अनुसूचित जाति स० स० लि० |
| 4 | पटना | पटना सदर | विकास सहकारी गृह निर्माण स० लि० |
| 5 | पटना | पटना सदर | लक्ष्मी महिला सहकारी उपभोक्ता भंडार लि० |
| 6 | पटना | पटना सदर | खादी ग्रामोद्योग कर्मचारी साख स० स० लि० |
| 7 | पटना | मोकामा | अन्नपूर्णा कैटरर्स वेन्डर्स कैंटीन कोऑपरेटिव सो० लि० |
| 8 | पटना | पटना सदर | सेंट माईकल हाई स्कूल स्टाफ क्रेडिट कोऑपरेटिव सो० लि० पटना |
| 9 | पटना | पटना सदर | आधुनिक सहकारी गृह निर्माण स० लि० पटना |
| 10 | पटना | पटना सदर | आदित्यनगर सहकारी गृह निर्माण स० लि० पटना |
| 11 | पटना | पटना सदर | एम०आई०जी० कॉलोनी सहकारी उपभोक्ता भंडार लि० |
| 12 | पटना | पटना सदर | एच०एस०सी०एल० सहकारी गृह निर्माण स० लि० |
| 13 | पटना | पटना सदर | देवपुरी सहकारी गृह निर्माण स० लि० |
| 14 | पटना | पटना सदर | नव निर्माण सहकारी गृह निर्माण स० लि० |
| 15 | पटना | पटना सदर | एस० बी० आई० स्टाफ कन्सट्रक्सन सो० लि० |
| 16 | पटना | पटना सदर | जय प्रभा सहकारी गृह निर्माण स० लि० |
| 17 | पटना | पटना सदर | उषा ग्रामोदय सहयोग स० लि० |
| 18 | पटना | पटना सदर | बिहार सांसद एवं विधान मंडलीय सदस्य सहकारी गृह निर्माण स० लि० |
| 19 | पटना | पटना सदर | वाणभटट सहकारी गृह निर्माण स० लि० |
| 20 | पटना | पटना सदर | नवीन आर्य सहकारी गृह निर्माण स० लि० |
| 21 | पटना | पटना सदर | बाकरगंज सहकारी उपभोक्ता भंडार लि० |
| 22 | पटना | पटना सदर | वित्त विभाग कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण स० लि० |
| 23 | पटना | पटना सिटी | राजेन्द्र स्मारक चिकित्सा विज्ञान अनुसंस्थान कर्मचारी सहकारी उपभोक्ता भंडार लि० |
| 24 | पटना | पटना सदर | होप सहकारी गृह निर्माण स० लि० |
| 25 | पटना | दानापुर | दाउदपुर मत्स्यजीवी स० स० लि० दानापुर |
| 26 | पटना | खुशरूपुर | खुशरूपुर मत्स्यजीवी स० स० |
| 27 | कैमूर | भभुआ | सहकारी गृह निर्माण सहयोग समिति लि० भभुआ |
| 28 | दरभंगा | बहादुरपुर | बापू नगर कॉलोनी सरकारी कर्मचारी प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार लि० |
| 29 | दरभंगा | बहादुरपुर | बहादुरपुर गृह शोभा सहकारी गृह निर्माण समिति लि० |
| 30 | मधुबनी | रहिका | मधुबनी सहकारी गृह निर्माण स० स० लि० वार्ड नं० 6 |
| 31 | मधुबनी | बेनीपट्टी | बेनीपट्टी महिला विकास स० स० लि० मधुबनी |
| 32 | समस्तीपुर | पटोरी | पटोरी मत्स्यजीवी स० स० |
| 33 | सारण | मढौरा | मढौरा सहकारी शीत ताप भंडार लि० तेजपूरवा |
| 34 | सारण | मढौरा | मढौरा सहकारी चावल मिल स० लि० तेजपूरवा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35 | सारण | सोनपुर | सोनपुर प्रखंड ग्रामीण सहकारी गृह निर्माण स0 स0 लि0 सोनपुर |
| 36 | सिवान | गोरेयाकोठी | नारायण कर्मयोगी प्रा0 उपभोक्ता भंडार लि0 गोरेयाकोठी सिवान |
| 37 | गोपालगंज | गोपालगंज | भी0एस0 मिल्स हरखुआ इम्पलाईज कोऑपरेटिव क्रेडिट सो0 लि0 गोपालगंज |
| 38 | गोपालगंज | विजयीपुर | विजयीपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0 स0 लि0 |
| 39 | पूर्वी चम्पारण | मोतिहारी | बेलबनवा मछुआ टोली सहकारी गृह निर्माण स0 स0 |
| 40 | पूर्वी चम्पारण | चकिया | चकिया क्रय विक्रय सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 41 | पूर्वी चम्पारण | चकिया | चकिया सहकारी उपभोक्ता भंडार वार्ड नं॰ 2 |
| 42 | पूर्वी चम्पारण | चकिया | आदर्श गृह निर्माण सहयोग समिति बारा चकिया |
| 43 | प0 चम्पारण | बेतिया | बेतिया पेरिस एंड थ्रिफट कोऑपरेटिव सो0 लि0 बेतिया |
| 44 | लखीसराय | बडहिया | बडहिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0 स0 |
| 45 | लखीसराय | लखीसराय | बालगुदर मत्स्यजीवी स0 स0 |
| 46 | सुपौल | मरौना | मरौना प्रखंड मत्स्यजीवी स0 स0 |
| 47 | भागलपुर | बिहपुर | बभनगामा फल सब्जी उत्पादन स0 स0 लि0 |
| 48 | भागलपुर | बिहपुर | बिहपुर फल सब्जी उत्पादन स0 स0 लि0 बिहपुर |
| 49 | भागलपुर | नारायणपुर | भ्रमरपुर विश्वकर्मा औद्योगिक स0 स0 लि0 |
| 50 | औरंगाबाद | दाउदनगर | दाउदनगर मत्स्यजीवी स0 स0 लि0 दाउदनगर |
| 51 | औरंगाबाद | औरंगाबाद | औरंगाबाद मत्स्यजीवी स0 स0 लि0 औरंगाबाद |
| 52 | औरंगाबाद | मदनपुर | मदनपुर मत्स्यजीवी स0 स0 लि0 मदनपुर |
| 53 | जहानाबाद | जहानाबाद | पाठक टोली प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 जहानाबाद |
| 54 | कटिहार | कटिहार | ललियाही हरिजन सहयोग समिति लि0 |

## अनुलग्नक-1 में उल्लिखित समितियों के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा प्रपत्र-ई० 1 में सूचना का प्रकाशन | 08.02.2016 (सोमवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 23.02.2016 (मंगलवार) एवं<br>24.02.2016 (बुधवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 25.02.2016 (गुरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 26.02.2016 (शुक्रवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 09.03.2016 (बुधवार)<br>7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 09.03.2016 (बुधवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |